भारत सरकार
आयुष मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 1557
28 जुलाई, 2023 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

नए अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान की स्थापना

1557. श्री गजेन्द्र उमराव सिंह पटेल:
श्री दुर्गा दास उइके:

क्या आयुष मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का देश में नए अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान (एआईआईए) की स्थापना करने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ख) क्या सरकार का आयुष चिकित्सा पद्धति के विकास के लिए विशेष कार्य योजना बनाने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) मध्य प्रदेश में किन स्थानों पर नए आयुष महाविद्यालय स्थापित किए जा रहे हैं; और
(घ) खरगौन बड़वानी संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में कार्यान्वित की गई/कार्यान्वित की जाने वाली प्रस्तावित योजनाओं का ब्यौरा क्या है?

उत्तर
आयुष मंत्री (श्री सर्बानंद सोणोवाल)

(क): जी नहीं।

(ख): आयुष चिकित्सा पद्धति का विकास एक सतत् प्रक्रिया है। वर्तमान में आयुष मंत्रालय के अंतर्गत निम्नलिखित अखिल भारतीय स्तर के आयुष संस्थान देश भर में कार्यरत हैं:-

i. राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान (एनआईए), जयपुर;
ii. अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान (एआईआईए), नई दिल्ली;
iii. आयुर्वेद शिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान (आईटीआरए), जामनगर, गुजरात;
iv. पूर्वोत्तर आयुर्वेद एवं लोक चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (एनईआईएएफएमआर), पासीघाट, अरुणाचल प्रदेश;
v. पूर्वोत्तर आयुर्वेद एवं होम्योपैथी संस्थान (एनईआईएएच), शिलांग, मेघालय;
vi. राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ (आरएवी), नई दिल्ली;

vii. राष्ट्रीय यूनानी चिकित्सा संस्थान (एनआईयूएम), बंगलौर;
viii. राष्ट्रीय होम्योपैथी संस्थान (एनआईएच), कोलकाता;
ix. राष्ट्रीय सिद्ध संस्थान (एनआईएस), चेन्नई;
x. राष्ट्रीय सोवा-रिग्पा संस्थान (एनआईएसआर), लेह;
xi. राष्ट्रीय प्राकृतिक चिकित्सा संस्थान (एनआईएन), पुणे;
xii. मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान (एमडीएनआईवाई), नई दिल्ली

इसके अलावा, प्रगति के दौरान, आयुष चिकित्सा पद्धति के विकास के लिए समय-समय पर निम्नलिखित कार्रवाई की गई है:-

i. राष्ट्रीय महत्व का एक नया संस्थान अर्थात आयुर्वेद शिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान (आईटीआरए) की 13.11.2020 को स्थापना की गई है;
ii. राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान (एनआईए) को मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा 09.11.2020 को डी-नोवा श्रेणी के तहत मानित विश्वविद्यालय के रूप में घोषित किया गया है;
iii. 14.07.2021 को संस्थान के अधिदेश के भीतर आयुर्वेद को शामिल करने के लिए पूर्वोत्तर लोक चिकित्सा संस्थान (एनईआईएफएम) का नाम बदलकर पूर्वोत्तर आयुर्वेद एवं लोक चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (एनईआईएएफएमआर) कर दिया गया;
iv. मौजूदा आयुष संस्थानों के निम्नलिखित अनुषंगी केंद्र 11.12.2022 को स्थापित किए गए हैं:-
   - गोवा में अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान (एआईआईए), नई दिल्ली का अनुषंगी केंद्र।
   - गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश में राष्ट्रीय यूनानी चिकित्सा संस्थान (एनआईयूएम), बैंगलोर का अनुषंगी केंद्र।
   - नरेला, नई दिल्ली में राष्ट्रीय होम्योपैथी संस्थान (एनआईएच), कोलकाता का अनुषंगी केंद्र।

(ग) और (घ): मध्य प्रदेश राज्य के लिए 2023-24 के शैक्षणिक सत्र हेतु नए आयुष कॉलेजों की स्थापना लिए प्राप्त प्रस्ताव **संलग्नक** में दिए गए हैं।

*****

संलग्नक

शैक्षणिक वर्ष 2023-24 के लिए नए आयुर्वेद कॉलेजों की स्थापना हेतु प्रस्ताव (मध्य प्रदेश)					
क्र.सं.	**राज्य**	**कॉलेज का नाम**	**न्यास का नाम**	**सरकारी/निजी**	**प्रस्ताव**
1	मध्य प्रदेश	अमलतास आयुर्वेद संस्थान, देवास गांव बांगड़ देवास उज्जैन राजमार्ग, 1/6 मनोरमा गंज, गीता भवन के पास, इंदौर- 452001, मध्य प्रदेश	अमलतास एजुकेशनल वेलफेयर सोसाइटी, 1/6 मनोरमा गंज, गीता भवन के पास, इंदौर-452001, मध्य प्रदेश	निजी	सत्र 2023-24 के लिए 100 यूजी (बीएएमएस) सीटों के साथ नए आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज की स्थापना करना
2	मध्य प्रदेश	एनआरआई इंस्टीट्यूट ऑफ आयुर्वेदिक मेडिकल साइंसेज, 11, सज्जन सिंह नगर, पटेल नगर के सामने, रायसेन रोड, भोपाल 462022	तारामती एजुकेशन सोसाइटी, 1 सज्जन सिंह नगर के सामने, पटेल नगर, रायसेन रोड, भोपाल, मध्य प्रदेश	निजी	सत्र 2023-24 के लिए 100 यूजी (बीएएमएस) सीटों के साथ नए आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज की स्थापना करना
3	मध्य प्रदेश	पंडित महावीर प्रसाद मेमोरियल आयुर्वेदिक कॉलेज, ग्राम थनरा, तहसील-करेरा, एनएच 27 शिवपुरी, मध्य प्रदेश	पी.के. विश्वविद्यालय, गांव थानरा, तहसील करेरा एनएच 27 शिवपुरी मध्य प्रदेश 473665	निजी	सत्र 2023-24 के लिए 100 यूजी (बीएएमएस) सीटों के साथ नए आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज की स्थापना करना
4	मध्य प्रदेश	मीरा देवी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल, ग्राम अछुआ, तहसील पिछोर, जिला शिवपुरी, मध्य प्रदेश 473995	मीरा देवी एजुकेशनल सोसाइटी, गांव-कछौआ, तेह, पिछोर-जिला-शिवपुरी मध्य प्रदेश -473995	निजी	सत्र 2023-24 के लिए 60 यूजी (बीएएमएस) सीटों के साथ नए आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज की स्थापना
5	मध्य प्रदेश	इंडेक्स आयुर्वेदिक कॉलेज, हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर, इंडेक्स सिटी ग्राम मोरोधाट, एनएच-59, ए, नेमावर रोड, खुडेल के पास, इंदौर-452016 मध्य प्रदेश	मयंक वेलफेयर सोसाइटीज 104, त्रिशूल अपार्टमेंट, 5 सांघी कॉलोनी, एबी, रोड, इंदौर -01	निजी	सत्र 2023-24 के लिए 100 यूजी (बीएएमएस) सीटों के साथ नए आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज की स्थापना करना